# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 530 वर्ष 42

राँची, 31 मई, 2018

## सेवानिवृत कर्मियों के लिए मेडिकल सुविधा पर सीसीएल में संगोष्ठी का आयोजन

सीसीएल मुख्यालय के "विचार मंच" में विगत 06 मई को कोल इंडिया/सीसीएल के सेवानिवृत कर्मियों के साथ मेडिकल सुविधा पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य सेवानिवृत कर्मियों को उनकी सेवानिवृति के बाद मेडिकल सुविधाओं संबंधित जानकारी देना था।

सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने वरिष्ठ सेवानिवृत कर्मियों का स्वागत तथा नमन करते हुए कहा कि इस वृहद परिवार के आप वरिष्ठतम सदस्य हैं और आप सभी हमारे पथ प्रर्दशक रहे हैं। श्री सिंह ने मेडिकल सुविधाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि हमें इसे और बेहतर और पारदर्शी बनाना है और कंपनी बहुत शीघ्र ही सीपीआरएमएसई (Contributory Post Retirement Medicare Scheme) का पोर्टल बनाने जा रहा है जिसमें सेवानिवृत्त कर्मी मेडिकल बिल का भुगतान एवं मेडिकल संबंधी विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह सीसीएल



संगोष्ठी में सीएमडी श्री गोपाल सिंह के साथ नि.(का.) श्री आर.एस. महापात्र एवं पूर्व निदेशकगण

को पेपरलेस बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र ने अपने संबोधन में कहा कि आपका आशीर्वाद हमें उच्चतम लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि यह पहला मौका है कि जब आप सभी एक साथ एक–दूसरे से मिल रहे हैं और आपके चेहरे की मुस्कान देखकर मुझे दोगुनी खुशी मिल रही है। इस तरह का कार्यक्रम आगे भी किया जायेगा और आपकी समस्याओं का निवारण समयबद्व तरीके से किया जायेगा।

पूर्व निदेशक (कार्मिक) श्री जे.एन. सिंह, पूर्व निदेशक (कार्मिक) श्री जी.के. चौधरी और पूर्व निदेशक (तकनीकी) श्री बी.पी. सिंह, ने अपने–अपने विचार रखे और खुशी व्यक्त किया कि मेडिकल सुविधाओं को पहले से और बेहतर किया गया है। संगोष्ठी में लगभग 250 सेवानिवृत कर्मियों ने भाग लिया। इस दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपनी–अपनी समस्याओं को रखा जिनका निराकरण भी किया गया और साथ ही उन्होंने आवश्यक परामर्श भी दिए।

इस अवसर पर सीएमएस सीसीएल डॉ आर.आर. सिन्हा ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से मेडिकल रिम्बर्समेंट, मेडिकल चिकित्सा सेवाएं/योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## सीसीएल के नये निदेशक (तकनीकी–योजना/परियोजना)



नि.(यो./परि.) श्री वी.के. श्रीवास्तव को सम्मानित करते हुए सीएमडी श्री गोपाल सिंह

विगत 16 मई को श्री वी.के. श्रीवास्तव ने सीसीएल के निदेशक (तक.–योजना/परियोजना) का पदभार संभाला। इस अवसर पर सी.सी.एल., मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची के "विचार मंच" में सी.सी.एल. परिवार की ओर से स्वागत समारोह का आयोजन कर श्री वी.के. श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया।

मुख्यालय, रांची में आयोजित स्वागत समारोह के मुख्य अतिथि सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने श्री श्रीवास्तव को पुष्पगुच्छ, शॉल, श्रीफल प्रदान कर उनका स्वागत और अभिनंदन किया और उनके अच्छे भविष्य की कामना की। श्री सिंह ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि श्री श्रीवास्तव अपने वृहद अनुभव से सीसीएल परिवार में एक नया आयाम जोड़ेंगे और इस परिवार को नई उंचाईयों तक ले जाएंगे। उन्होंने सभी से "वर्क लाईफ बैलेंस" बनाने के लिए कहा जिससे हम सभी कंपनी में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देते हुए उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन कर सके। अंत में श्री सिंह ने कहा कि श्री श्रीवास्तव एक सरल, सुलझे, सुव्यवस्थित एवं रचनात्मक व्यक्तित्व के ध नी हैं जो कंपनी के उत्तरोत्तर विकास में वरदान साबित होगा। अवसर विशेष पर निदेशक (वित्त), श्री डी.के. घोष, निदेशक (कार्मिक), श्री आर.एस. महापात्र, तथा निदेशक (तक./संचा.) श्री ए.के. मिश्रा ने भी श्री श्रीवास्तव का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यालय के सभी महाप्रबंधक/विभागाध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित थे।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन



युवा प्रतिभागियों के साथ नि.(का.) श्री आर.एस. महापात्र एवं अन्य

मुख्यालय रांची के गांधीनगर रिक्रियेशन क्लब में विगत 22 मई से 24 मई तक आयोजित तीन दिवसीय "चतुर्थ ग्रीष्मकालीन बैडमिंटन प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया। उद्घाटन नि.(का.) श्री आर.एस. महापात्र ने किया। उदघाटन समारोह के दौरान ही मुख्य अतिथि ने सभी युवा प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त किया तथा उनका उत्साहवर्द्धन किया। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को जर्सी भी प्रदान किया।

इस प्रतियोगिता में रांची, बोकारो, खूंटी एवं गुमला के विभिन्न स्कूलों के अन्डर 10 एवं अन्डर 13 वर्ष के वर्ग के बालक एवं बालिकाओं ने भाग लिया। विजेता और उप–विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी के साथ ही प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट एवं पुरस्कार प्रदान किया गया। बालक वर्ग (अंडर 10) में मोहित राज को विजेता और प्रणित को उपविजेता जबकि अंडर 13 में नीरज केसरी को विजेता और आदित्य कुमार को उपविजेता साथ ही बालिका वर्ग (अंडर 10) में आयशा अग्रवाल को विजेता तथा अंकिता कुमारी को उपविजेता जबकि अंडर 13 में अनिशा सिंह को विजेता और तरीषा सिंह को उपविजेता घोषित किया गया।

## कोल इंडिया अध्यक्ष ने कर्मियों को संबोधित किया



कोल इंडिया अध्यक्ष श्री ए.के. झा लाइव वेबकास्ट के माध्यम से कर्मियों को संबोधित करते हुए।

विगत 28 मई को कोल इंडिया अध्यक्ष श्री अनिल कुमार झा ने कोल इंडिया मुख्यालय, कोलकाता से लाइव वेबकास्ट के माध्यम से कर्मियों को संबोधित किया। सीसीएल मुख्यालय के विचार मंच एवं सभी क्षेत्रों में कोल इंडिया के अध्यक्ष का लाइव वेबकास्ट कर्मियों ने देखा और सुना।

अध्यक्ष महोदय ने कोल इंडिया कर्मियों के साथ–साथ सहायक कंपनियों के कर्मियों को पहली बार लाइव संबोधित करते हुए कहा कि कोल इंडिया के सभी कर्मी एक परिवार के सदस्य की तरह हैं और प्रत्येक कर्मी और उनके परिवार को खुशहाल रखना उनका लक्ष्य है ।

## सीसीएल के लाल एवं लाडली के बच्चों का 12वीं में सर्वोत्तम प्रदर्शन

सीसीएल की महत्वाकांक्षी योजना "सीसीएल के लाल' एवं लाडली" के 2016–18 बैच के सभी 26 बच्चों ने 12वीं की परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर से शत–प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। अदिति कुमारी ने अपने बैच में 95.8 % के साथ डीएवी गांधीनगर में टॉप स्थान प्राप्त की है। इसके अतिरिक्त 16 छात्रों ने बारहवीं बोर्ड में 85 % से अधिक अंक प्राप्त किया है । सीसीएल के सीएमडी श्री गोपाल सिंह, निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र सहित सीसीएल अधिकारी/प्रशिक्षकगण सर्वश्री जितेंद्र कुमार, नमन श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार, अनुभव खरे, ओम प्रकाश और देव प्रकाश सिंह ने इनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दी एवं उनके परिवारों को भी बधाई दिया। सीसीएल के सीएसआर विभाग द्वारा यह महत्वाकांक्षी योजना संचालित किया जा रहा है । सीसीएल सतर्कता विभाग के कर्मियों के बच्चों ने 10वीं एवं 12वीं में श्री धीरज कुमार के पुत्र ध्वज गुप्ता (97 %), श्री वी. त्रिवेदी की पुत्री औसमी गोपाल (96.5 %), श्री धमेन्द्र कुमार के पुत्र विशाल सिंह (91 %) एवं श्री अमरेश तिवारी के पुत्री अदिती कुमारी (95.8 %) ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपना परचम लहराया। सीवीओ श्री ए.के. श्रीवस्वत ने उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए उन्हें सम्मानित किया और साथ ही साथ शुभकामनाएं एवं उनके परिवारों को बधाई दिया। श्री श्रीवास्तव ने बच्चों को आगे और बेहतर करने के लिए भी प्रेरित किया।



सफल विद्यार्थियों के साथ सीवीओ श्री ए. के. श्रीवास्तव एवं अन्य

सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, सहायक प्रबंधक (ज.सं.), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)